# गलत इंजेक्शन से युवक की मौत पर हंगामा

- नोखा के दावां गांव के हणुताराम को एलर्जी होने पर डॉ. सुभाष नैण को दिखाया था
- इंजेक्शन लगाने से पूरे शरीर में इंफेक्शन होने से उसकी मौत हो गई

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल में युवक को गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने हंगामा किया। परिजनों और ग्रामीणों ने शव लेने से मना कर दिया और 50 लाख रूपए मुआवजा देने और दोषी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। देहात कांग्रेस भी इस धरने में शामिल हो गई।

नोखा के दावां गांव में रहने वाले हणुताराम (30) के शरीर में एलर्जी हो गई थी। पीबीएम में शुक्रवार शाम मौत हो गई। युवक के पिता दुलाराम मेघाल का कहना है कि बेटे को एलर्जी होने पर डॉ. सुभाष नैण को दिखाया गया था। अपने निजी क्लीनिक में डॉक्टर ने एक इंजेक्शन लगाया था। इससे पूरे शरीर में इंफेक्शन हो गया। इस पर वापस डॉक्टर को दिखाया तो उन्होंने कुछ ट्यूब और टेबलेट्स दी। इसके बाद भी ठीक नहीं हुआ तो नोखा के सरकारी हॉस्पिटल में दिखाया। जहां से पीबीएम हॉस्पिटल रैफर किया गया। पीबीएम में शुक्रवार को मरीज का समय पर इलाज नहीं हो सका और मौत हो गई।

युवक की मौत के बाद परिजनों ने शव लेने से मना कर दिया। उन्होंने दोषी डॉक्टर पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग की। धरना स्थल पर देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग भी पहुंचे। बिशनाराम ने कहा कि मृतक महज 30 साल का था। उसके परिवार में पत्नी और बच्चे भी है। डॉ. सुभाष नैण और पीबीएम हॉस्पिटल के डॉक्टरों की लापरवाही से मौत हुई है।

मृतक के परिजन अस्पताल की मोर्चरी के बाहर डॉक्टरों को गिरफ्तार करने और आर्थिक सहायता देने की मांग को लेकर धरने पर बैठे। परिजनों की सूचना पर नोखा विधायक सुशीला रामेश्वर डूडी, जिला कांग्रेस कमेटी देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग और उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मेघवाल भी मृतक के परिजनों के धरने पर पहुंचे।

इस मामले को लेकर सुशीला डूडी और देहात अध्यक्ष ने कहा कि मृतक के परिवारजनों के कथनानुसार इनकी पीड़ा व मांग जायज है। परिजनों और प्रशासन के साथ हुई वार्ता जिसमें मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम करवाकर उसकी रिपोर्ट के मुताबिक दोषी के विरूद्ध कार्यवाही करने तथा आर्थिक सहायता के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रस्ताव बनाकर भेजने के आश्वासन पर मृतक के परिजन शव लेने के लिए सहमत हुए।

इस वार्ता में नोखा विधायक सुशीला रामेश्वर डूडी, बिशनाराम सियाग, ओमप्रकाश मेघवाल आदि सम्मिलित हुए। परिजनों की मांगों में दोषी डॉक्टर तुरंत गिरफ्तार करने व परिवार को 50 लाख रूपए का मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को संविदा पर नौकरी देने की मांग शामिल है।

# जयंती पर सावित्री बाई फुले को याद किया

**बीकानेर,** (कासं)। भारत की प्रथम महिला अध्यापिका माता सावित्री बाई फुले की 194 वीं जयंती पर माली समाज भवन गोगागेट पर पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया। जिसमें समाज के प्रबुद्धजन, शिक्षाविद, वरिष्ठ नागरिक, युवा संगठन, राजनैतिक पार्टियों में भाजपा व कांग्रेस के तथा समाज के नेतागण आदि शामिल हुए।

विकास तंवर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष यशपाल गहलोत और बीकानेर माली सैनिक क्षत्रिय सभा भवन गोगागेट बीकानेर के अध्यक्ष तेजरतन भाटी ने मां सावित्री बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। उसके बाद कार्यक्रम में पहुंचे समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने सावित्री बाई फुले को याद किया। कार्यक्रम में उपस्थित समाज के लोगों ने एक सुर में फुले दंपति को भारत रत्न देने की मांग उठाई।

यशपाल गहलोत ने इस अवसर पर कहा कि 36 बिरादरी का भाईचारा बनाये रखना समय की जरूरत है। दरअसल महापुरूष, समाजसेवी व समाजसेविकाएं सबके साझे होते हैं। माता सावित्री बाई फुले ने तो समाज में शिक्षा की अलख जगाते हुए समाज में विशेष योगदान दिया।

# चकगर्बी में मूलभूत सुविधाओं की मांग

- मास्टर प्लान 2043 में संशोधन की मांग

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान भवन एवं अन्य संनिर्माण सर्व कामगार सेवा संघ, राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष भंवर पुरोहित के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए संघ के प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि मास्टर प्लान 2043 में संशोधन, पूगल रोड पर आवासित कॉलोनियों की जमीन को सरकारी भूमि मानकर पट्टे जारी किये जाये एवं मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जाए तथा आर ए एस लेवल की कमेंटी बनाकर जांच कराई जाये।

कलेक्टर ने शिष्टमंडल की बात स्वीकार करते हुए कानून सम्मत कार्यवाही करने व कमेटी गठित करने का संघ को आश्वासन दिया। वरिष्ठ नगर नियोजन राकेश वाधवा ने कार्यालय में उमडी सैकड़ों की भीड के बीच में आकर संघ के प्रदेशाध्यक्ष को आश्वस्त किया कि मास्टर प्लान 2043 में संशोधन करके राज्य सरकार को अतिशीघ्र भेजा जायेगा।

बीकानेर विकास प्राधिकरण की सचिव के साथ वार्ता में सकारात्मक बातचीत हुई जिसमें सचिव ने तहसीलदार लेवल की कमेटी बनाकर सर्वे करवाने का संघ को आश्वासन दिया। संघ के प्रदेश महामंत्री आर. एस. हर्ष कहा कि जो भी कॉलोनाइजर भूमि बेचने वाले, पटवारी, गिरदावर सहित इस राजस्व एजेंसियों की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषी व्यक्तियों पर कानून सम्मत कार्यवाही की जाये।

संघ के देवकिशन साध ने कहा कि राज्य सरकार के स्पष्ट निर्देश है कि जहां लोग बस चुके है, उस क्षेत्र को आर जोन घोषित किया जाये। संघ के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण कुमावत ने कहा कि दर्जनों भर कॉलोनियों में निवास कर रहा आमजन मूलभूत सुविधाओं के लिए 15-20 वर्षों से तरस रहे हैं।

इस मौके पर त्रिलोक चंद, गोपीचंद प्रजापत, राजेन्द्र सैन,भरत सिंह, शंकरलाल कूकणा, विनोद रामावत, रामकुमार सैन, रामकिशन कूकणा, सुभाष भाट, पूनम ज्याणी, आनंद गोदारा, तेजाराम जाट, महावीर सारस्वत, दीपाराम भाट, भागूराम बंजारा, पंछीराम बंजारा, बृजलाल पूनिया, जगदीश शर्मा, गौरीशंकर सीपी, दुलाराम जाट, संदीप जाट, बीरबल स्वामी सहित सैकडों कॉलोनियों के वासी मौके पर उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### काव्य गोष्ठी आयोजित

**श्रीडूंगरगढ़,** (कासं)। राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति द्वारा हिन्दी कविता पर परिसंवाद एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। परिसंवाद में आमंत्रित जयपुर के कवि शैलेन्द्र चौहान ने अपनी रचनात्मक और सृजनात्मक प्रविधियों को साझा करते हुए कहा कि परम्पराएं परिवर्तनशील होती हैं, रूढ़ नहीं रहती। समय के साथ होने वाले इस परिवर्तन में ही सामाजिक कल्याण का मार्ग छिपा होता है। कविता के सौंदर्य और शिल्प पर अभिमत रखते हुए उन्होंने कहा कि कवि द्वारा कविता जिसके लिए लिखी जाती है या जिस उद्देश्य से लिखी जानी होती है। उन्हें उस कविता का भाव पक्ष समझ में आना चाहिए। परिसंवाद में नव-सृजित कविता ईश्वर की चौखट पर का वाचन करते हुए चौहान ने कहा कि तमाम प्रार्थनाएं रह गई अनुत्तरित, कल्पनाएं भाप बनकर उड़ गई। उन्होंने सुंगन्ध, दक्षिण की यात्रा, ईश्वर की चौखट, दया, संकुचन व नौ रूपये चालीस पैसे कविताएं साझा की। परिसंवाद में अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए राजस्थानी अकादमी के पूर्व अध्यक्ष कवि श्याम महर्षि ने कहा कि कविता में रूढ़ परम्पराओं का होना आम आदमी की बात है। परम्पराएं बदलती रहती है। परिवर्तन के इस दौर में रोम, मिश्र, चीन की सभ्यताएं नष्ट हुई है, परन्तु भारतीय संस्कृति आज भी जीवंत और जीवित है। चर्चा में भाग लेते हुए भाषाविद साहित्यकार डॉ.मदन सैनी ने कहा कि कविता मनुष्य के भावों को व्यक्त करती है। कविताओं के माध्यम से कवि अपने भावों का गान करता है। डॉ. महावीर पंवार ने भी विचार व्यक्त किये। साहित्यकार सत्यदीप के संयोजन में आयोजित परिसंवाद में बजरंग शर्मा, सत्यनारायण योगी, रामचंद्र राठी, मनीष सैनी, तुलसीराम चौरड़िया, डॉ.विनोद सुथार, डॉ. राजेश सेवग सहित कई विद्वान सहभागिता की।

### पारा बढ़ने से सर्दी से राहत

**बीकानेर,** (कासं)। तापमान बढ़ने से दिन में सर्दी से कुछ राहत मिली है। हालांकि सूर्यास्त होने के बाद ठिठुरन और गलन महसूस होती है। रात में न्यूनतम तापमान इन दिनों 9 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहता है, जो सामान्य दिनों की तुलना में कुछ कम है। उधर मौसम विभाग ने रविवार को बीकानेर संभाग में बारिश होने की उम्मीद जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक बीकानेर में पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान 22.3 डिग्री सेल्सियस रहा है। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य दिनों जैसा ही है। नए साल में बीकानेर में रात का ही तापमान गिर रहा है। जबकि दिन में बढ़ रहा है। पिछले कुछ दिनों में ही अधिकतम तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। बीकानेर संभाग में पांच जनवरी यानी रविवार को बारिश की उम्मीद मौसम विभाग ने जताई है। बीकानेर के अलावा जोधपुर संभाग में भी कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। बीकानेर में सर्दी की एक बारिश हो चुकी है। पिछले कुछ दिनों से सुबह व रात में बादलों की आवाजाही रहती है लेकिन बारिश नहीं हो रही। वहीं राजस्थान के अन्य हिस्सों में मौसम शुष्क रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार आठ जनवरी तक मौसम शुष्क रहेगा, सिर्फ बीकानेर-जोधपुर संभाग में बारिश संभव है।

### कुश्ती दंगल का शुभारंभ

**नोखा,**(कासं)। गुरू हनुमान व्यायाम शाला नोखा के तत्वावधान में झाड़ेली की राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में आयोजित रात्रि को बीकानेर केसरी महिला व पुरूष कुश्ती दंगल में सैकड़ों पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। कुश्ती कोच दामोदर पारीक ने बताया कि इस विशाल कुश्ती दंगल में सैकड़ों जिले के पहलवानों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि नोखा विधायक सुशीला रामेश्वर डूडी ने पहलवानों का हाथ मिलाकर दंगल का शुभारंभ किया। डूडी ने कहा कि अनुशासन ही देश को आगे बढ़ाने का सबसे बड़ा स्त्रोत है। खेल में प्रतिभागी अपनी प्रतिभा दिखाकर न सिर्फ अपना बल्कि परिवार तथा गांव का भी नाम रोशन करता है। रामेश्वर लाल ने बताया कि ये पहला विशाल कुश्ती दंगल है, जिसमें गांव के युवाओं ने भाग लिया है। दंगल के संजोयक झाड़ेली के रामेश्वर लाल, बुधराम गोरछीया, मघाराम फौजी, तेजाराम तर्ड, प्रभुराम पहलवान, नानूराम पहलवान, डूंगर राम मौजूद थे।

# बी.डी.ए भवन जोड़बीड़ में बनाने का प्रस्ताव भेजा

- विधायक जेठानंद व्यास को जब इसकी भनक लगी तो उन्होंने सी.एम. को भेड़ ऊन अनुसंधान केन्द्र की जमीन का सुझाव दिया

**बीकानेर,**(कासं)। बीकानेर विकास प्राधिकरण की मंजूरी और स्टाफिंग पैटर्न मंजूर होने के साथ ही अब उसकी नई बिल्डिंग बनाने को लेकर भी कवायद तेज हो गई है।

पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने एम.एस. कॉलेज आरओबी के पास भेड़-ऊन अनुसंधान केन्द्र की जमीन पर बीडीए की बिल्डिंग बनाने का सुझाव दिया। इससे पहले प्रशासन की ओर से पहले ही जोड़बीड़ में बिल्डिंग बनाने का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। विकास प्राधिकरण का भवन बनाने के लिए जिन कारकों का ध्यान रखा जाना चाहिए उनमें पार्किंग, यातायात की सुविधा और शहर का होने वाला विकास अहम होगा।

दरअसल यूआईटी को प्राधिकरण में तब्दील जरूर किया गया लेकिन बीडीए के लिए यूआईटी की बिल्डिंग बहुत छोटी पड़ेगी। प्राधिकरण की बिल्डिंग बहुत बड़ी और आने वाले 100 साल के हिसाब से प्लान की जानी है। इसी लिहाज से सरकार ने बीडीए बिल्डिंग बनाने के लिए प्रशासन से जगह पूछी थी। प्रशासन ने वैसे तो दो जगह सुझाई है लेकिन उसमें प्रमुख जोड़बीड़ है। जोड़बीड़ इसलिए क्योंकि जिस हिसाब से शहर का विस्तार हो रहा है, उसमें प्रमुख जयपुर रोड ही है।

कॉलोनी का विस्तार इसी रोड पर संभव है। शहर में प्राधिकरण का कोई काम नहीं। क्योंकि शहर की ज्यादातर कॉलोनी नगर निगम को हैंडओवर हो जायेगी। ऐस में शहर से सटे बाहरी इलाके और आसपास के 40 किलोमीटर के लोगों का काम पड़ेगा। इसके अलावा पार्किंग और यातायात को देखते हुए भी जोड़बीड़ सुझाया गया। विधायक जेठानंद व्यास को जब इसकी भनक लगी तो दो दिन पहले जब सीएम ने जिले के सभी विधायकों को बुलाया गया तो व्यास ने सीएम से कहा कि जोड़बीड़ दूर पड़ेगा। शहर से बाहर है। शहर के भीतर ही बीडीए दफ्तर रखा जाए। सीएम ने उनसे जगह पूछी तो उन्होंने एम.एस. कॉलेज के निकट भेड़ ऊन अनुसंधान केन्द्र की जमीन है का सुझाव दिया। शहर के बीचों बीच रहेगा तो लोगों को आने-जाने में आसानी होगी। श्रीगंगानगर रोड पर शहर का विस्तार कम होगा। उसकी वजह है कि इस रोड पर आईजीएनपी कॉलोनी के बाद दाहिनी तरफ आर्मी की जमीन है और बाई साइड में एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी की है।

# उड़सर को नोखा में शामिल करने की मांग

**नोखा,** (कासं)। उड़सर में ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत को तहसील जसरासर से फिर नोखा में शामिल करने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि उपखण्ड स्तरीय कार्य नोखा में सम्पन्न होते हैं। उड़सर गांव के ग्रामीण का सामाजिक रूप से अधिकाश जुड़ाव नोखा की तरफ है। मूलभूत सुविधा अधिकांश नोखा तहसील से प्राप्त करना आसान है। उपखण्ड स्तर पर कोर्ट संबधित कार्य नोखा जाना पड़ता है। पंचायत समिति स्तर के समस्त कार्य नोखा में सम्पन्न होता है।

इसलिए ग्राम पंचायत उड़सर को पुनः नोखा में शामिल कराने की मांग की। इस दौरान हरिराम खीचड़, मोती सिंह, रिछपाल फौजी, लुंबाराम, रामेश्वर लाल, फूलाराम, हरमान, हजारीराम, गणेश सिंह, करणीसिंह, नरपत सिंह, श्याम सुंदर, सुरेश, जजदीश, वार्ड पंच देवेंद्र, गोपाल आदि ग्रामवासी शामिल थे।

# बीकानेर से दिल्ली रोज की फ्लाइट 7 फरवरी से

- इंडिगो की नियमित फ्लाइट बीकानेर से दिल्ली जायेगी

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर से नई दिल्ली के लिए सात फरवरी से रेगुलर फ्लाइट शुरू हो जायेगी। इसके लिए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजारापू राम मोहन नायडू ने बीकानेर के सांसद और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को ये आश्वासन दिया है। ये फ्लाइट इंडिगो की ओर से चलाई जा रही है।

केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के प्रयास से अब दिल्ली-बीकानेर इंडिगो फ्लाइट 7 फरवरी से नियमित चलेगी। मेघवाल के माध्यम से भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री पंकज अग्रवाल ने एक मांग पत्र शास्त्री भवन दिल्ली में नागरिक उडुयन मंत्री किंजारापू राम मोहन नायडू को सौंपा था। जिस पर संज्ञान लेते हुए अब 7 फरवरी से हर रोज फ्लाइट उड़ेगी।

पंकज अग्रवाल ने बताया कि बीकानेर के आमजन और व्यापारियों की मांग पर 30 नवम्बर को केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के साथ नागरिक उड्डयन मंत्री से मिलकर बीकानेर से दिल्ली हवाई यात्रा को नियमित करने और सुबह जल्दी चलाने का आग्रह किया था। जिसे स्वीकार करते हुए अब 7 फरवरी से इंडिगो की नियमित फ्लाइट बीकानेर से दिल्ली कनेक्टिविटी सुबह 9 बजकर 45 मिनट पर बीकानेर आयेगी। 10 बजकर 05 मिनट पर बीकानेर से दिल्ली उड़ान भरेगी। इससे यात्रियों को उसी दिन बीकानेर से जाना होगा, जिस दिन उन्हें दिल्ली में काम हो। दोपहर बारह बजे से पहले दिल्ली पहुंच सकते हैं।


राजस्थान आवासन मण्डल
RAJASTHAN HOUSING BOARD
(राज.आवा.मण्डल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)
( A State Government Enterprise Constituted Under RHB Act 1970) वृत-बीकानेर, Circle-Bikaner
क्रमांक:-उआआ/आरएचबी/बीका/2024-25/824 दिनांक :-18/12/2024

आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की सामान्य पंजीकरण योजना-1973 में चालान संख्या 13401 द्वारा राशि रू.2500/- जमा करवाकर श्री वाल्मीकी प्रसाद पुत्र श्री पैरू लाल ने आवास आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवंटी को आवास स.02-ई-15पवनपुरी योजना, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 199 वर्गमीटर का आवंटन पत्र क्रमांक 5278 दिनांक 24.08.1976 को जारी किया गया था।। मूल आवंटी श्री वाल्मीकी प्रसाद पुत्र श्री पैरू लाल के नाम मण्डल रिकॉर्ड के अनुसार दिनाक 11.02.1991 कन्वेशडीड/परिपिज्युल को जारी कर दी गई थी। उक्त आवास उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर में दिनांक 15.03.1991 को पंजीकृत हैं।

तत्पश्चात श्री वाल्मीकी प्रसाद की मृत्यु दिनांक 18.04.2011 एवम् उनकी धर्मपत्नि श्रीमति उमा सिन्हा की मृत्यु दिनांक 20.08.2019 को हो जाने कारण उनके पुत्र श्री महेश सिन्हा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र क्षतिपूर्ति प्रमाण पत्र, उत्तराधिकार के घोषणा पत्र, समस्त पंजीयन प्रपत्रों की छायाप्रति एवम निर्धारित शूल्कजमा कर दिया। उक्त आवास श्री महेश सिन्हा के नाम रिलीज डीड के माध्यम से किया गया। उक्त रिलीज डीड उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 21.07.2022 से पंजीकृत है। श्री महेश सिन्हा ने इस कार्यालय के कार्यालय आदेश क्रमांक 896 दिनांक 11.10.2022 को किया गया। तत्पश्चात श्री महेश सिन्हा पुत्र स्व. श्री वाल्मीकी प्रसाद ने उक्त आवास का बैचान बैयनामा के माध्यम से श्रीमति प्रर्मिला रानी पत्नि श्री दिनेश कुमार के नाम किया गय। उक्त बैयनामा उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर में दिनांक 30.10.2023 से पंजीकृत हैं।

श्रीमति प्रर्मिला रानी पत्नि श्री दिनेश कुमार ने समस्त पंजीयन प्रपत्रों की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना ना दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्रीमति प्रर्मिला रानी पत्नि श्री दिनेश कुमार का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यावही विचाराधिन है। यदि किसी व्यक्ति/हितकारी को कोई आपत्ति हे तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमति प्रर्मिला रानी पत्नि श्री दिनेश कुमार का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/पुलिस थान में किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।

सहायक आवासन अधिकारी
राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त बीकानेर



राजस्थान आवासन मण्डल
RAJASTHAN HOUSING BOARD
(राज.आवा.मण्डल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)
( A State Government Enterprise Constituted Under RHB Act 1970) वृत-बीकानेर, Circle-Bikaner
क्रमांक:-उआआ/आरएचबी/बीका/2024-25/837 दिनांक :-31/12/2024

आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल में श्री सावंताराम पुत्र श्री हीराराम को आवासीय भूखण्ड आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवंटी को वाद संख्या(7(210)/9/10आवासीय भूखण्ड सं.1-ए-16 शिवबाडी आवासीय योजना, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 210.00वर्गमीटर का आवटन पत्र क्रमांक 1189 दिनाक 20.02.2023 को जारी किया गया था उक्त आवासीय भूखण्ड उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 11.07.2023 से पंजीकृत है।

तत्पश्चात मूल आवंटी श्री सावंताराम पुत्र श्री हीराराम ने उक्त आवासीय भूखण्ड का बैचान विक्रय विलेख पत्र के माध्यम से श्री मुखराम कुकणा पुत्र श्री किशनाराम कुकणा को किया गया। उक्त विक्रय विलेख उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 19.01.2024 से पंजीकृत हैं।

श्री मुखराम कुकणा पुत्र श्री किशनाराम कुकणा ने समस्त पंजीयन प्रपत्रों की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्री मुखराम कुकणा पुत्र श्री किशनाराम कुकणा का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यावाही विचाराधिन है। यदि किसी व्यक्ति/ हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री मुखराम कुकणा पुत्र श्री किशनाराम कुकणा का नम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिमेदार होगा।

सहायक आवासन अधिकारी
राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त बीकानेर



राजस्थान आवासन मण्डल
RAJASTHAN HOUSING BOARD
(राज.आवा.मण्डल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)
( A State Government Enterprise Constituted Under RHB Act 1970) वृत-बीकानेर, Circle-Bikaner
क्रमांक:-उआआ/आरएचबी/बीका/2024-25/838 दिनांक :-31/12/2024

आम सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल में श्री सावंताराम पुत्र श्री हीराराम को आवासीय भूखण्ड आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवंटी को वाद संख्या(7(210)/9/10आवासीय भूखण्ड सं.1-ए-15 शिवबाडी आवासीय योजना, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 210.00वर्गमीटर का आवटन पत्र क्रमांक 1189 दिनाक 20.02.2023 को जारी किया गया था उक्त आवासीय भूखण्ड उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 11.07.2023 से पंजीकृत है।

तत्पश्चात मूल आवंटी श्री सावंताराम पुत्र श्री हीराराम ने उक्त आवासीय भूखण्ड का बैचान विक्रय विलेख पत्र के माध्यम से श्रीमति इन्दिरा रानी चौधरी पत्नि श्री पुष्पेन्द्र कुमार चौधरी को किया गया उक्त विक्रय विलेख उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 16.01.2024 से पंजीकृत हैं।

श्रीमति इन्दिरा रानी चौधरी पत्नि श्री पुष्पेन्द्र कुमार चौधरी ने समस्त पंजीयन प्रपत्रों की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्ककी रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्रीमति इन्दिरा रानी चौधरी पत्नि श्री पुष्पेन्द्र कुमार चौधरी का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यावाही विचाराधिन है। यदि किसी व्यक्ति/हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्रीमति इन्दिरा रानी चौधरी पत्नि श्री पुष्पेन्द्र कुमार चौधरी का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।

सहायक आवासन अधिकारी
राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त बीकानेर


# स्थानांतरण पर रोक से शिक्षकों में रोष

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश विश्नोई के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर बीकानेर को ज्ञापन सौंपा।

संघ ने राज्य सरकार द्वारा स्थानांतरण पर लगाये गए प्रतिबंध को अन्य विभागों के लिए हटाने, लेकिन शिक्षा विभाग को इससे बाहर रखने पर नाराजगी जताई। ज्ञापन में बताया गया कि शिक्षा विभाग के अलावा 1 से 10 जनवरी के बीच स्थानांतरण पर लगी रोक को सभी विभागों के लिए हटाया गया है। जिलाध्यक्ष मोहनलाल भादू ने कहा की सरकार शिक्षकों के साथ भी अन्य कार्मिकों की तरह व्यवहार करते हुए स्थानांतरण में सदभावना पूर्वक विचार करते हुए छूट दें।

प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आचार्य ने कहा कि शिक्षकों की लगातार अनदेखी की जा रही है। इससे शिक्षकों के मनोबल पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और शिक्षा विभाग के कार्मिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन के माध्यम से राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) ने शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने की अपील की है।

# साधु-संतों के मार्गदर्शन की महत्ता बताई

**बीकानेर,** (कासं)। श्रीराम कथा समिति के तत्वावधान में सीताराम भवन में चल रही 9 दिवसीय शिव पुराण कथा के पांचवें दिन वृंदावन के महाराज भरत शरण ने कहा कि दुख से भरे संसार में साधु संतों के मार्गदर्शन की महत्ता बताई।

साथ ही कहा कि जो दुख मिटाने का दावा करे वो नकली है। क्योंकि जो असली है वो आपके दुखों को मिटाने का दावा नहीं करेगा। वो आपके जीवन को समझाएगा कि इंसान का शरीर संसार में आया है तो दुख मिलेगा। लेकिन भगवान पर भरोसा रखना, सब ठीक हो जायेगा। महाराज श्री ने कहा कि शिव परिवार में भगवान के वाहक नन्दी, मां पार्वती का शेर, गणेश जी का मूसक और कार्तिकेय का वाहन मोर है। शिव के गले में सर्प रहते हैं, जो सभी विपरीत विचारधारा के बीच सामंजस्य रखना ही शिव पुराण सिखाता है।

महाराज ने कहा कि भगवान शंकर वैराग्य के देवता माने गए है, परंतु शिव ने विवाह भी कर संसार को गृहस्थ आश्रम में रहकर भी वैराग्य व योग धर्म का अनुसरण करने का तरीका दिया। कथावाचक भरत शरण ने कहा कि शिव पुराण में भोलेनाथ और मां पार्वती के विवाह की कथा का विवरण है।

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी पर चर्चा

**बीकानेर,** (कासं)। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह डॉ करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। समारोह की पूर्व तैयारी बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

जिला कलेक्टर ने बताया कि मुख्य समारोह डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाले समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया जायेगा। जिला कलेक्टर ने कार्यक्रम के आयोजन से जुड़े सभी विभागों को निर्धारित समय पर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समारोह के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल तथा नॉर्म्स की पूरी अनुपालना सुनिश्चित करवाई जाए।

उन्होंने बताया कि ध्वजारोहण के बाद मुख्य अतिथि परेड निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। मार्च पास्ट में पुलिस, बॉर्डर एवं अरबन होमगार्ड, तीसरी एवं दसवीं आरएसी बटालियन, एनसीसी छात्र-छात्राएं व महारानी सुदर्शन महाविद्यालय की छात्राओं की टुकड़ियां भाग लेंगी। राज्यपाल के संदेश का पठन अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) द्वारा किया जायेगा। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा पीटी योगासन, लोक-संस्कृति आधारित नृत्य आदि की आकर्षक प्रस्तुतियां दी जायेगी।

जिला कलेक्टर ने डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में सफाई और रोशनी की पुख्ता व्यवस्था करने, स्टेडियम की साफ-सफाई, सुरक्षा, शामियाना, बेरिकेडिंग, फर्नीचर, बिजली, पेयजल, पुरस्कार एवं प्रशंसा पत्र, पुष्प, बैठक, कानून एवं यातायात सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्वाभ्यास के दौरान भी समस्त व्यवस्थाएं सुचारू रहें। मुख्य समारोह में निकलने वाली झांकियों पर चर्चा करते हुए कलेक्टर वृष्णि ने आकर्षक झांकियां बनाने के निर्देश दिए।


